# खाकी के खौफ से तीन बेटियों के पिता ने की खुदकुशी

## गुस्साए लोगों ने किया चक्काजाम,परिजनों ने लगाये पुलिसकर्मी पर प्रताड़ित करने के आरोप, आरक्षक निलबित

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर/चंदेरी।** थाना अंतर्गत हौज खास तालाब मेला ग्राउंड निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस की प्रताड़ना से परेशान अपने घर पर फांसी का फंदा बनाकर झूल गया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं घटना की जानकारी लगने के बाद एकत्रित हुए परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने पुलिसकर्मी पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पैसे की मांग किए जाने की बात कहते हुए चक्काजाम कर दिया। जो खबर लिखे जाने तक जारी रहा। बताया जा रहा है कि मृतक व्यक्ति की तीन बेटिया है, जिसे पुलिसकर्मी द्वारा लगातार फोन कर कर पैसों की मांग की जा रही है। जिससे तंग आकर उसने ऐसा कदम उठाया।



जानकारी के अनुसार मेला ग्राउंड निवासी मनोज प्रजापति पुत्र बाबूलाल प्रजापति ने मंगलवार दोपहर में अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसे परिजनों ने पुलिस प्रताड़ना से आहत होकर इतना बड़ा कदम उठाने की बात कहीं। इस दौरान परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि एक पुलिस वाले विगत तीन दिन से फोन आ रहे थे कि थाने आ जाओ, परिजनों का कहना है कि मनोज प्रजापति से पुलिस वाले पैसों की मांग कर रहे थे। जिसके चलते उसने कुछ पैसे दे भी दिए थे, फिर भी पुलिस वाले द्वारा बार-बार फोन लगा कर प्रताड़ित किया जा रहा था। वहीं मंगलवार को दिन में उसके पास लगातार फोन आ रहे थे इससे परेशान होकर मनोज अपने ही घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का यह भी आरोप है कि आत्महत्या के बाद भी उस पुलिस वाले के फोन आए थे। परिजनों पर पुलिस वाले का नंबर भी मौजूद हैं जो खबर लिखे जाने तक बंद आ रहा है।

**परिजनों में रोष, किया चक्काजाम :**

मनोज के आत्महत्या जैसा कदम उठाने पर परिजनों और मौहल्ले वालों में भारी रोष देखने को मिला। जिसके चलते उन्होंने मुख्य चौराहे दिल्ली दरवाजा पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। वहीं खबर लिखे जाने तक जाम नहीं खुल सका। वहीं चक्काजाम की सूचना मिलते ही एसडीओपी शैलेन्द्र शर्मा, एसडीएम मनीष धनगर, तहसीलदार दिलीप दरोगा, नगर निरीक्षक मनीष जादोन अपने दल के पहुंचे और परिजनों से चर्चा कर उन्हें समझाइस दी गई कि उचित कार्रवाई की जाएगी, लेकिन परिजन इस आश्वासन पर नहीं माने और खबर लिखे जाने तक देर शाम तक चक्काजाम लगा रहा।

**मृतक था तीन बेटियों का पिता, पत्नि है गर्भवती :**

पुलिस द्वारा किसी भी मामले में किस प्रकार अवैध बसूली की जाती है और इस अवैध बसूली के लिए पुलिसकर्मियों द्वारा किस तरह लोगों को प्रताड़ित किया जाता है, कि वह परेशान होकर आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते है। बताया जा रहा है कि मृतक मनोज तीन बेटिया का पिता होने के साथ ही उसकी पत्नि गर्भवती है। इतना सबकुछ होने के बाद भी पुलिसकर्मी अपनी अवैध बसूली से बाज नहीं आया और पैसे लेने के बाद भी उसे लगातार प्रताड़ित किया। जिसके कारण उसने अपनी जान दे दी। यहा सोचनीय विषय यह है कि जहां पुलिसकर्मी की अवैध बसूली ने तीन बेटियों से उसके पिता का साया छीन लिया, तो वहीं पत्नि के गर्भ में पल रहे नवजात को पिता देखना तक नसीब नहीं होगा।

**निलंबन कर साख बचाने की कोशिश :**

मनोज के आत्महत्या के मामले में एसडीओपी शैलेन्द्र शर्मा और नगर निरीक्षक मनीष जादोन ने बताया कि परिजनों द्वारा आरक्षक सोबरन सिंह राजपूत पर आरोप लगाए जा रहे हैं, जो कि एक महीने पहले ही थाना चंदेरी में आया है और कोर्ट में मुंशी का काम देखता है। मृतक पर पहले से प्रकरण दर्ज था और स्थाई वारंटी था तामील कराने कोर्ट में पेश होने के लिए मृतक को फोन लगाया जा रहा होगा, जिसकी जांच की जा रही। फिलहाल पुलिस ने बीएनएस की धारा 194 के अंतर्गत मर्गकायम कर विवेचना में लिया है। तो वहीं उसे निलंबन कर पुलिस अपनी साख बचाने में लगी हुई है।



# सड़क हादसे में महिला की मौत

**अशोकनगर-गुना रोड पर हुई घटना**

**हादसे में तीन लोग घायल, जिनमें 3 साल का बच्चा भी**

**नवभारत न्यूज**

**शाढ़ौरा।** सोमवार शाम अशोकनगर-गुना रोड पर पीलीघटा गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक पिकअप वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में तीन साल का एक मासूम बच्चा भी शामिल है।

हादसे में पिपरोल शाढ़ौरा निवासी वैजन्ती बाई (45) पत्नी गेंदालाल कुशवाह गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। शाढ़ौरा सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। जहां देर शाम उपचार के दौरान वैजन्ती बाई ने दम तोड़ दिया। दुर्घटना में बाइक चालक 25 वर्षीय रामप्रसाद पुत्र गेंदालाल, 18 वर्षीय सपना पुत्री अशोक कुशवाह और रामप्रसाद का तीन वर्षीय बेटा प्रियांश घायल हुए हैं। तीनों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

परिजनों ने बताया कि सभी लोग सोमवार दोपहर गुना जिले के सरखंड़ी गांव स्थित एक देवस्थान पर पूजा-अर्चना करने गए थे। शाम को वापस लौटते समय पीलीघटा के पास पीछे से आ रही पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सभी सड़क पर जा गिरे। मंगलवार सुबह मृतका वैजन्ती बाई का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया गया। पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर में

### चदेरी अस्पताल का बाबू निलंबित

**नवभारत अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा राकेश कुमार जैन सहायक ग्रेड-03 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चन्देरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय जिला अशोकनगर रहेगा। उल्लेखनीय है कि 27 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चन्देरी का औचक निरीक्षण किया गया था, निरीक्षण दौरान कार्यस्थल से अनुपस्थित पायें जाने से कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया था। कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब संतोषजनक नहीं पाये जाने पर निलंबन की कार्यवाही की गई।



### मुंगावली के बीएलओ, सुपरवाइजर को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**नवभारत अशोकनगर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने पर विधानसभा 034 मुंगावली के बीएलओं, बीएलओं सुपरवाईजर सहित अन्य संलग्न शासकीय सेवकों को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा शासकीय गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय मुंगावली में मंगलवार को पुष्पहार पहनाकर एवं प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि विधानसभा क्षेत्र 34 चंदेरी के 272 बीएलओ, 27 बीएलओ सुपरवाइजर,03 मास्टर ट्रेनर्स सहित एसआईआर कार्य में संलग्न कर्मचारियों को शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम मुंगावली इसरार खान,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आलोक ईटोरिया, तहसीलदार सोनम शर्मा,नायब तहसीलदार पिपरई अनीश धाकड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

**नवभारत अशोकनगर।** मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 228 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान जनसुनवाई में ग्राम खजूरिया कला निवासी नहारसिंह अहिरवार द्वारा पट्टे की भूमि को कम्प्यूटर पर अमल कराए जाने,ग्राम सीगोन निवासी सविता प्रजापति द्वारा किसान सम्मान निधि दिलाए जाने, वार्ड नंबर 8 पिपरई निवासी सीमा आदिवासी द्वारा किसान सम्मान निधि एवं पीएम आवास दिलाए जाने, ग्राम राजपुर निवासी विजय कुशवाह द्वारा पीएम आवास की दूसरी किस्त दिलाए जाने, मुंगावली निवासी रानी व 17 अन्य द्वारा आवासीय पट्टा दिलाए जाने, ग्राम सारसखेड़ी निवासी इशीता यादव द्वारा आधार कार्ड में संशोधन कराए जाने, वार्ड नंबर 2 मुंगावली निवासी प्रवीण ओझा द्वारा संबल कार्ड बनवाए जाने, ग्राम भौरा कांछी निवासी राजेश ओझा द्वारा बीपीएल कार्ड बनवाए जाने सहित अन्य शिकायतें आई।

# 2 .5 करोड़ खर्च कर चालू होगी कैथन डायवर्सन नहर

## नदी को मोड़कर नहर में तब्दील करने की जिले की इकलौती योजना तीन साल से है बंद

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर/बहादुरपुर।** जल संसाधन विभाग द्वारा ढाई करोड़ रुपये खर्च कर कैथन डायवर्सन की भूमिगत नहर को फिर से खोला जा रहा है। यह नहर बीते तीन वर्षों से बंद है। जिसे खोलने के लिए पहले भी दो बार प्रयास हो चुके हैं लेकिन ठेकदारों ने जब हाथ खड़े कर दिए तो विभाग ने बड़े स्तर पर कार्य योजना बनाई। जिसमें करीब ढाई करोड़ रुपए का खर्च आ रहा है। कार्य का टेंडर हो चुका है और कंपनी काम भी करने लगी है। उम्मीद है कि अगले एक साल के अंदर नहर दोबारा चालू हो जाएगी।



दरअसल करीब पंद्रह वर्ष पहले क्षेत्र के खोपरा एवं हाजूखेड़ी गांव के बीच कैथन नदी को मोड़कर एक नहर में तब्दील किया गया था, जिससे 600 हेक्टेयर रकबा में सिंचाई होती थी। इस योजना के तहत कैथन नदी पर एक बांध बनाया गया। जिसके पीछे करीब पांच किलोमीटर तक पानी जमा होता है। इस पानी को बांध के नजदीक से एक नहर में मोड़कर खेतों तक ले जाया गया था। नदी से 2.25 किलोमीटर तक नहर भूमिगत है, इसके आगे 2.25 किलोमीटर तक खुली नहर है। जहां नहर भूमिगत है, वहां 11.5 मीटर गहराई पर पाईप बिछे हुए हैं। जिनसे पानी आगे बढ़ता है, कुछ अंतराल पर कुआं बनाए गए हैं। जिनमें मोटर पंप डालकर किसान खेतों में फसलों की सिंचाई करते हैं।

**जिले की इकलौती योजना:**

कैथन डायवर्सन अशोकनगर ही नहीं आसपास के कई जिलों में इकलौती ऐसी योजना है, जिसमें नदी को मोड़कर नहर बनाई गई है। इसके बनने से खोपरा, सोपरा, बर्री और हाजूखेड़ी इन चार गांवों की कुल 600 हेक्टेयर जमीन सिंचित हो गई थी। किसानों को इस नहर के शुरू होने से बड़ा फायदा हुआ था। क्योंकि इस नहर से लाभान्वित होने वाला सबसे आखिरी गांव बर्री में जलसंकट रहता है।

**पाइप फूटे और मिट्टी जमा हुई तो बंद हो गई नहर:**

यह नहर पिछले तीन वर्षों से बंद है क्योंकि भूमिगत नहर में बिछाए गए पाइप मिट्टी भर जाने से बंद हो गए थे। बताया गया है कि मिट्टी के दबाव से पाइप फूट गए और ऊपर से मिट्टी जमा होने से नहर पूरी तरह से बंद हो गई। इसे खोलने के लिए कई बार प्रयास किए गए थे। किंतु यह प्रयास सफल नहीं हुए तो विभाग ने राज्य स्तर पर बड़ी कार्य योजना का प्रस्ताव भेजा। यह प्रस्ताव स्वीकृत होकर आया और करीब एक महीने पहले काम चालू हो गया है। अशोकनगर की प्रयाग कंपनी इसका काम कर रही है। जिसके इंजीनियर गगन यादव का कहना था कि जहां मिट्टी भरी है, उसे हटा रहे हैं। जहां पाइप फूटे हैं, उन्हें हटाकर नए पाइप डालेंगे। जहां पाइप धंस रहे हैं, वहां नीचे सीमेंट कंक्रीट का बेस बनाएंगे।

**इनका कहना है**

*नहर को चालू करने का काम चाल चल रहा है। काम बड़ा है इसलिए एक वर्ष लग जाएगा लेकिन इस बार नहर को चालू करने के लिए ठोस योजना बनाई है।*

**व्हीके शाक्य, एसडीओ,**
**जल संसाधन विभाग, मुंगावली**

# चाचूखेड़ा में पकड़ा जुआ का फड़

**मुंगावली पुलिस ने गांव में दी दबिश**

**आरोपियों से 4 मोबाइल व 2 बाइक की बरामद**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मुंगावली थाना अंतर्गत ग्राम चाचूखेड़ा में जुआ का फड़ चल रहा था, जिस पर मुंगावली पुलिस द्वारा दबिश देते हुए मौके से चार लोगों को पकड़ा है। साथ ही उसने 4 मोबाईल, 2 मोटरसाइकिल सहित 95, 500 रूपये का मसरूका जप्त की गई है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखविर से सूचना मिली कि ग्राम चाचूखेड़ा में लोगों द्वारा हार-जीत का दाव खेला जा रहा है, जो जुआ की श्रेणी में आता है। जिसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और संतोष पुत्र रतिराम जाति साहू निवासी कछियाना मोहल्ला मुंगावली, अरविन्द पुत्र लालाराम जाति कुशवाह निवासी मल्हारगड़ रोड़ मरघटशाला के पास मुंगावली, लालू पुत्र विजय सिंह जाति कटारिया निवासी गूजर मोहल्ला चंदेरी, जगन्नाथ पुत्र मदन लाल जाति कुशवाह निवासी रामबाग कृष्णा स्कूल के पास मल्हारगड़ रोड़ मुंगावली को 52 पत्तों की ताश की गड्डी तथा 4 मोबाईल व दो मोटरसायकिल और 13500 रूपये नगदी के साथ गिरफ्तार किया है।

इस कार्रवाई में मुंगावली थाना प्रभारी उप निरीक्षक जोगेन्द्र सिंह यादव, बीकेराम, सहायक उप निरीक्षक रामविनायक, कानसिंह, अनिल कुमार, प्रधान आरक्षक अरविंद मौर्य, आरक्षक दीपेन्द्र लोधी, गोविंद मौर्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उल्लेखनीय है कि पुलिस कप्तान के निर्देशन में लगातार पुलिस द्वारा जुआ सट्टा पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

# सट्टे के मामले में फरार चल रहा नीरज जैन गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** पुलिस कप्तान राजीव मिश्रा के निर्देशन में जुआ, सट्टा सहित अन्य अनैतिक गतिविधियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही देखने को मिल रहीं है। इसी क्रम में पुलिस ने आठ माह पुराने सट्टे के मामले में फरार चल रहे आरोपी नीरज जैन को गंजबासौदा से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

दरअसल 24 फरवरी 2025 को थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा सट्टा के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपियों गौरव जैन, गौरव श्रीवास्तव, शुभम नामदेव, सौरभ विजौले , सौरभ लोधी, रवि नामदेव, भानु नामदेव, चेतन नामदेव, हर्ष महाराज एवं चिराग जैन के विरुद्ध अपराध पंजीवद्ध किया था। तो वहीं उक्त प्रकरण में आरोपी नीरज जैन पुत्र विमल कुमार जैन निवासी प्राणपुर हाल निवासी सिटी सेंटर गंजबासौदा जिला विदिशा फरार चल रहा था, जिसे पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक नवल शर्मा, आरक्षक अवनीश दोहरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शाढ़ौरा नपा अनुसूचित जाति-जनजाति के वार्डों में कर रही सौतेला व्यवहार

**नगर परिषद के नेता प्रतिपक्ष ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

**कहा लगातार जारी हैं अनियमितताएं, की जाए जांच**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले की नगर परिषद शाढ़ौरा के नेता प्रतिपक्ष रवि मोहने ने कलेक्टर को आवेदन देकर परिषद के कार्यों में अनियमिताएं, अनुसूचित जाति जनजाति के वार्डों में सौतेले व्यवहार का आरोप लगाया है, तथा जांच करवा कर समस्याओं के समाधान की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष श्री मोहन ने बताया कि नगर परिषद शाढ़ौरा में अधिकारी कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण जनजीवन एवं विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। लंबे समय से अधिकारी एवं कर्मचारियों की



अनुपस्थिति के कारण नगर का संपूर्ण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, तथा नगर के सभी विकास कार्य पूर्णत:ठप पड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद शाढ़ौरा की वर्तमान स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। लेखापाल का पद 15/07/2025 से रिक्त है, जिसके कारण परिषद के लेखा,भुगतान एवं वित्तीय कार्य प्रभावित हैं। इंजीनियर लगभग एक माह से अधिक समय से अवकाश पर हैं, जिससे निर्माण एवं विकास संबंधी सभी कार्य रुके हुए हैं। मुख्य नगरपालिका अधिकारी भी लंबे समय से अवकाश पर हैं, जिसके कारण प्रशासनिक व दैनिक कार्यों में भारी अव्यवस्था उत्पन्न हो गई है। इन परिस्थितियों के कारण सड़कों की मरम्मत, स्वच्छता व्यवस्था, जलप्रदाय, नाली निर्माण, सार्वजनिक सुविधाएं एवं अन्य सभी आवश्यक विकास कार्य बंद पड़े हुए है, जिससे नगर के नागरिक अत्यधिक परेशान हैं, और जन जीवन गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि नगर परिषद शाढ़ौरा में त्वरित प्रभाव से नियमित प्रशासनिक व्यवस्था बहाल करने,रिक्त पदों पर आवश्यक अधिकारी-कर्मचारियों की नियुक्ति/ पदस्थापना करने तथा अनुपस्थित अधिकारियों के स्थान पर कार्यभार सौंपने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान करने किए जाएं,ताकि नगर का विकास पुन: सुचारू रूप से प्रारंभ हो सके।

**धर्मसभा**

## निर्यापकाचार्य मुनि पुंगव श्री सुधासागर महाराज का नगर में हुआ भव्य मंगल प्रवेश

# भारतीय दर्शन की सबसे बड़ी विशेषता है ये सबको अपने में समाहित कर लेती है : मुनिश्री

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** भारतीय दर्शन की सबसे बड़ी विशेषता है कि भक्त को निर्णय करना है कि उसका भगवान कैसा हो कल्पना आती है कि हमारा बेटा हो आपके मन में विचार आता है कि आपकी बहू कैसी है आप मकान खरीदने पर विचार करते हैं मैरे पड़ोसी कैसा हो ऐसा ही आपको विचार करना है कि मेरा गुरु कैसा हो, जो गुण तुम्हारे अंदर नहीं है वो गुरु होना चाहिए मात्र संत शब्द से गुरु नहीं हो सकता आचारण देखा जाता है श्री राम के नाम के साथ आचरण देखो सारी दुनिया श्रीराम के आदर्श को अपनाने को



तैयार रहते हैं एक प्रसंग आता है। सीता जी कि कोई ग़लती नही थी मन से वचन से काय से किसी भी प्रकार से कहीं गलती हो ही नहीं सकती थी, महासति सीता कहती हैं कि गलती मेरी है मैं इतनी सुन्दर क्यो थी, रावण की दृष्टि मेरे तरफ गई ये होती है महान व्यक्तित्व की विशेषता आपके परिणाम खराब होते ही नही कैसे होते हैं महासति सीता जी गलती नहीं होने पर भी अपनी ग़लती मान रहे हैं उक्त आशय के उद्गार सुभाषगंज मैदान में मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए।

**शोभायात्रा के साथ परम पूज्य का हुआ नगर प्रवेश :**

एक माह के दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी के प्रवास के बाद पूज्य श्री सुधासागर महाराज का मंगलवार को दोपहर बाद नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। जहां जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल सहित अन्य प्रमुख जनो ने नगर के बाहर पहुंचकर श्री फल भेंट किए। इसके बाद भव्य शोभायात्रा के साथ नगर प्रवेश कराया। जहां यह शोभा यात्रा पार्श्वनाथ मन्दिर पछाड़ी खेड़ा रोड बगीचा मन्दिर, गांधी पार्क, रेस्टहाउस, भगवान महावीर स्वामी मार्ग, आचार्य श्री विद्यासागर द्वार होते हुए सुभाष गंज मंदिर पहुंचकर धर्मसभा में बदल गई।

**व्यक्ति विफल क्यों हो जाता है समझें विफलता दिखा रही है :**

उन्होंने कहा कि व्यक्ति विफल क्यों हो जाता है समझें विफलता दिखा रही है कि आपने सही तरीके से पुरुषार्थ नहीं किया। अज्ञानी व्यक्ति का सबसे बड़ा लक्ष्य है वह विफल होने पर निराश हो जाता है। वह हर किसी पर आरोप लगाने लगता है, आप जिस वस्तु को चाह रहे हैं वह नहीं मिली तो उसका आरोप किसी अन्य व्यक्ति पर लगा देते हैं, तो आगे भी विफल होंगे यहां तक कि आप गाड़ी सावधानी से चला रहे थे कोई सामाने आकर टकरा जाये आपकी गाड़ी बड़ी थी, वह आप को गालीयां देगा, आपकी ग़लती नही है फिर भी आपने शान्ति से सुन लिया तो शान्ति से सुनने का चमत्कार देना आगे आपको ऐसी कठिनाई नहीं होगी।

# जेल में बंदियों को दिया गीता उपदेश

**जिला जेल में आयोजित हुआ गीता महोत्सव**

**मुख्यधारा में शामिल होने की दिलाई शपथ**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** गीता जयंती के अवसर पर जिला जेल गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महेश चन्द्र मांझी प्रमुख मुख्य प्रहरी अधिकारी सहित अन्य जेल स्टाफ एवं बंदियों द्वारा भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद गीता के दिव्य उपदेशों का वाचन किया गया। इस दौरान बंध में वर्णित मुख्य उपदेश अनुसार बंदीगण को जीवन, धर्म और कर्तव्य के गहन रहस्यों के बारे में समझाया गया तथा उन्हे आत्मविश्वास के साथ आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनने की प्रेरणा दी गई। वहीं फल की चिंता न करते हुए कर्म करने पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में बताया गया। इसके अलावा क्रोध, मोह और लोभ से बचने की सलाह दी गई क्योकि यही अपराध के मुख्य जनक हैं। स्वयं पर विश्वास रखते हुए वर्तमान में जीवन व्यतीत करने तथा अहंकार से मुक्त रहते हुए धैर्य और विश्वास के साथ सत्य मार्ग अपनाना ही जीवन लक्ष्य बनाने की शिक्षा दी गई। बंदीगण को गीता में वर्णित उपदेशों के अक्षरश: पालन करने एवं स्वयं में सुधार कर जेल से बाहर जाने के बाद समाज की मुख्यधारा में शामिल होने की शपथ दिलाकर कार्यक्रम का समापन किया।